गैलवे न्यूज़लेटर

नवंबर, 2025

वर्ष 9, अंक 102

संपादक : दीप नारायण तिवारी

मासिक वेब प्रकाशन

DISTRIBUTORS of the Month

गैलवे के साथ मिला क़ामयाबी का सुनहरा ताज

हरमोहन साहू

STAR LDD

जाजपुर, ओडिशा

ओडिशा के जाजपुर जिले के एक छोटे से गांव में जन्मे हरमोहन साहू के सपने भले आसमान जितने बड़े न हों, लेकिन उनके अंदर की जिद, लगन और जुनून बहुत गहरा था। वो भी अपनी उम्र के लड़कों की तरह एक साधारण लड़के थे जो ज़िंदगी को बस जैसा चल रहा है, वैसा ही चलने दे रहे थे।

उस वक्त वो इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी कर चुके थे और डिप्लोमा कर रहे थे।

भविष्य का रास्ता धुंधला था, ना कोई ठोस योजना, ना कोई बड़ा लक्ष्य। बस यही सोच थी कि जैसे बाकी सब पढ़ाई करके कोई न कोई नौकरी पा लेते हैं, वैसे ही एक दिन उन्हें भी कोई सरकारी

जिसने गैलवे को अपना साथी बना लिया

उसने खुद को सबसे काबिल बना लिया।

06 | दिल्ली में दीवाली का भव्य उत्सव रोशनी, खुशी और एकता का संगम

07 | गैलवे बिज़नेस से जुड़े राज्य समाचार

37 | गोल्डन पील-ऑफ मास्क : त्वचा का दे ताजगी और निखार

या प्राइवेट नौकरी मिल जाएगी, और जीवन किसी तरह गुजर जाएगा।

मां का साया बहुत पहले उठ चुका था। पिता ने पूरे परिवार की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई थी।

हरमोहन ने भी सोचा था कि अब उनका लक्ष्य बस इतना ही है, पढ़ाई खत्म करके किसी तरह घर का सहारा बनना। लेकिन किस्मत के पास उनके लिए कुछ और ही लिखा था।

ज़िंदगी की इसी भागदौड़ में एक दिन एक दोस्त के माध्यम से उन्होंने पहली बार सुना गैलवे बिज़नेस का नाम। उन्हें नहीं पता था कि यही नाम उनकी ज़िंदगी का टर्निंग पॉइंट बनने वाला है। वो दिन था 13 जून 2015 हरमोहन बताते हैं ,"शुरुआत में मुझे कुछ खास समझ नहीं आया, लेकिन अंदर से एक आवाज़ आई अगर कुछ बड़ा करना है, तो यही रास्ता है।" बस उसी दिन से उन्होंने अपने जीवन की नई किताब का पहला पन्ना खोला , जहां हालात पीछे खींच रहे थे, लेकिन हौसले उन्हें आगे बढ़ा रहे थे। और वहीं से शुरू हुआ उनका गैलवे में सफर, जिसने उन्हें एक

अचीवमेंट्स: 3 बाइक, किया सोनेट कार, आलीशान घर, दुबई ट्रिप

सीक्रेट ऑफ सक्सेज : गैलवे का शानदार एजुकेशन सिस्टम

गैलवे की बेस्ट यूएसपी: अपग्रेडेड बिज़नेस प्लान

माय बिज़नेस प्रैक्टिस : वन टू वन, अचीवमेंट डे

माय रोल मॉडल: चेतन सर

हाउ टू हैंडल रिजेक्शन: कंपनी के वर्किंग सिस्टम को फ़ॉलो करना

ड्रीम कॉर्नर: घर में है शानदार गैलवे ड्रीम कॉर्नर

फेवरेट प्रोडक्ट: 3 IN 1 मेन बॉडी वॉश, नीम एंड बेसिल फेश वॉश

ड्रीम लेवल: स्टार जीडीडी

सक्सेस मंत्र: हमेशा ट्रेनिंग अटैंड करो

टीम के नाम संदेश: रिजेक्शन को सीढ़ी बनाओ और सफलता की मंजिल प्राप्त करो

साधारण युवक से एक प्रेरणादायक लीडर बना दिया।

सफलता पहले सोच में आती है

हरमोहन साहू की ज़िंदगी में गैलवे बिज़नेस से जुड़ना केवल एक करियर की शुरुआत नहीं थी, बल्कि सोच और व्यक्तित्व के पूर्ण परिवर्तन की यात्रा थी। उन्होंने जल्द ही समझ लिया कि सफलता केवल पैसों से नहीं, बल्कि इंसान की शख्सियत, आदतों और संस्कारों से बनती है। कभी जो लड़का खुद पर भरोसा नहीं कर पाता था, जो भीड़ में खुद को छोटा समझता था, आज वही आत्मविश्वास से भरा हुआ, एक सधे हुए और प्रोफेशनल व्यक्तित्व के रूप में लोगों के सामने खड़ा है। गैलवे ने उन्हें सिखाया, कैसे खुद को एक प्रोफेशनल के रूप में तैयार करना है। कैसे अपनी ड्रेसिंग सेंस को निखारना है, कैसे हर मीटिंग में आत्मविश्वास और आदर के साथ शामिल होना है, कैसे हर सीनियर और सहयोगी का सम्मान करना है, और सबसे महत्वपूर्ण कैसे अपने जीवन को सही दिशा में मोड़ना है। उन्होंने महसूस किया कि गैलवे सिर्फ बिज़नेस सिखाता नहीं, बल्कि जीवन जीना सिखाता है।

गैलवे का एजुकेशन सिस्टम धीरे-धीरे उनके भीतर उतरता गया । बात करने के तरीके से लेकर सोचने के नजरिए तक, हर चीज़ में उन्होंने एक सकारात्मक बदलाव देखा। वो कहते हैं , "गैलवे ने मुझे बदला नहीं, बल्कि मुझे मेरा असली रूप दिखाया।" धीरे-धीरे उन्हें एहसास हुआ कि यह केवल एक बिज़नेस नहीं, बल्कि एक ऐसा मिशन है जो हर इंसान को बेहतर सोचने, बेहतर करने और बेहतर बनने की प्रेरणा देता है।

सपनों को दिया आकार

हरमोहन साहू हमेशा से चाहते थे कि एक दिन वो अपने माता-पिता को गर्व महसूस कराएं, अपने दम पर कुछ ऐसा करें जिससे लोग उन्हें पहचानें और अपने परिवार के लिए एक सुरक्षित और खुशहाल जीवन बना सकें। उनका सपना था कि एक दिन उनका खुद का घर हो, एक प्यारी सी कार हो और परिवार के चेहरे पर मुस्कान हो। लेकिन यह सब दूर के सपने जैसे लगते थे, जब तक कि उनकी जिंदगी में गैलवे बिज़नेस नहीं आया। गैलवे ने उन्हें न केवल अवसर दिया, बल्कि उनके अंदर वह आत्मविश्वास भी जगाया जिससे उन्होंने अपने सपनों को सच कर दिखाया।

आज हरमोहन के पास खुद का सुंदर सपनों का घर है, गैलवे के कार बोनस से खरीदी

गई नई किया सोनेट कार है, परिवार के लिए तीन बाइक हैं और अपने पिताजी को उन्होंने एक स्कूटी गिफ्ट की है। जब उनके पिताजी उस स्कूटी पर बैठते हैं, तो उनकी आंखों में गर्व और खुशी दोनों झलकती हैं। हरमोहन मुस्कुराते हुए कहते हैं, "आज मेरे पिताजी कहते हैं कि बेटा जिस कंपनी में काम कर रहा है, वो सिर्फ उसका नहीं, पूरे परिवार का सपना पूरा कर रही है।" उनके लिए सफलता का असली मतलब सिर्फ पैसे कमाना नहीं, बल्कि अपने परिवार की आंखों में वो चमक देखना है जो कभी सपनों में भी नहीं सोची थी। वो गर्व से कहते हैं, "गैलवे ने मुझे सिर्फ पैसा नहीं दिया, बल्कि परिवार की आंखों में सम्मान और खुशी के आंसू दिए।" यही गैलवे की असली खूबसूरती है, यह सिर्फ बिज़नेस नहीं, बल्कि सपनों को

आकार देने वाली एक जीवन यात्रा है।

बुर्ज खलीफा की चोटी पर देखा अपना सपना सच होते हुए

कभी गांव की गलियों से बाहर निकलने का ख्याल भी डराने वाला लगता था, लेकिन आज वही हरमोहन साहू दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा की चोटी पर खड़े होकर अपने सपनों को सच होते देख रहे थे। यह पल उनके जीवन का सबसे अनमोल था, वो पल जब मेहनत, लगन और विश्वास ने मिलकर असंभव को संभव बना दिया था। गैलवे के ट्रैवल बोनस ने उन्हें वो मौका दिया जिसका सपना उन्होंने कभी देखा तक नहीं था दुबई टूर! पिछले जून महीने में एमीरेट्स की लग्जरी फ्लाइट से उन्होंने 4 रात और 5 दिन का दुबई टूर किया, और हर दिन उन्हें ये एहसास होता गया कि सही सोच और सही दिशा इंसान की दुनिया ही बदल सकती है। हरमोहन मुस्कुराते हुए बताते हैं, "जब मैं बुर्ज खलीफा के टॉप फ्लोर पर खड़ा था, तो नीचे फैले चमकते शहर को देखकर बस एक ही बात मन में आई अगर दिल से चाहो, तो गांव का लड़का भी दुनिया की सबसे ऊंची इमारत तक पहुंच सकता है।" उस ऊंचाई से नीचे झांकते हुए उन्हें महसूस हुआ कि गैलवे ने सिर्फ उनकी जिंदगी नहीं बदली, बल्कि उनके सपनों को उड़ान दी है , वो उड़ान जो उन्हें उनकी सोच की सीमाओं से बहुत आगे ले गई।

गैलवे बिज़नेस बना फैमिली बिज़नेस

हरमोहन साहू की सफलता यहीं थमी नहीं, बल्कि अब वह पूरे परिवार की प्रेरणा बन चुकी है। आज उनका घर सचमुच एक "ड्रीम फैक्ट्री" बन गया है, जहां हर दिन कोई नया सपना आकार लेता है। गैलवे बिज़नेस अब सिर्फ हरमोहन का नहीं, बल्कि पूरे परिवार का बिज़नेस बन चुका है। उनके बड़े भाई राजमोहन साहू आरडी हैं, बहन सुमित्रा साहू भी आज आरडी लेवल पर काम कर रही हैं, और छोटा भाई सरमोहन साहू भी आरडी बन चुका है। तीनों भाई-बहनों ने मिलकर गैलवे को एक फैमिली बिज़नेस में बदल दिया है। अब उनके घर में बातचीत सिर्फ परिवार की जरूरतों पर नहीं, बल्कि टीम की ग्रोथ, नए सपनों और आने वाले टारगेट्स पर होती है। हरमोहन मुस्कुराते हुए कहते हैं, "हमारा घर अब एक ऑफिस नहीं, बल्कि एक ड्रीम फैक्ट्री बन गया है जहां हर दिन मेहनत, मोटिवेशन और परिवार की एकजुटता से कोई न कोई सपना हकीकत बन जाता है।"

चुनौती को बनाया अवसर

हरमोहन साहू की सफलता की राह बिल्कुल आसान नहीं थी। जब उन्होंने गैलवे बिज़नेस शुरू किया, तो लोगों ने तरह-तरह की बातें

कहीं, "ये तो मेंबर बनाने वाला काम है। ये सब झूठ है, इससे कुछ नहीं होगा।" दोस्तों ने दूरी बना ली, रिश्तेदारों ने ताने मारे, और कई बार ऐसा लगा जैसे सब कुछ गलत कर रहे हों। लेकिन हरमोहन ने हार नहीं मानी। उन्होंने तय कर लिया कि दूसरों की राय से नहीं, अपनी मेहनत और विश्वास से रास्ता तय करेंगे। गैलवे की ट्रेनिंग, सीनियर्स का मार्गदर्शन और सिस्टम ने उन्हें सिखाया कि "अगर दुनिया ना कहे, तो समझो तुम सही रास्ते पर हो।" उन्होंने हर रिजेक्शन को मोटिवेशन में बदला, हर 'ना' को अपनी अगली सफलता की सीढ़ी बना लिया। मुश्किलों ने उन्हें रोका नहीं, बल्कि और मजबूत बनाया। आज जब वो पीछे मुड़कर देखते हैं, तो हर चुनौती उन्हें याद दिलाती है कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो रुकते नहीं, जो ठोकरों को भी अपनी मंज़िल की दिशा में बदल देते हैं।

हरमोहन साहू सिर्फ खुद सफल नहीं हुए, बल्कि उन्होंने अपनी टीम को भी उड़ना सिखाया। हर महीने 1 से 5 तारीख तक वह अपने जोन में गैलवे अचीवमेंट डे मनाते हैं, जहां टीम के लिए छोटे-छोटे ऑफर, इनाम और मोटिवेशनल सेशन रखे जाते हैं। उनका मानना है, "सफलता तब बड़ी लगती है, जब उसे टीम के साथ बांटा जाए।" वह अपनी टीम को संदेश देते हैं कि हर गैलवियन को गैलवे की सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन मीटिंग्स अटेंड करनी चाहिए, सीनियर्स की सलाह माननी चाहिए, और कभी हार नहीं माननी चाहिए। रिजेक्शन को डर समझकर पीछे मत हटिए, उसे अपनी सीढ़ी बनाइए, सपनों को सिर्फ सोचने के लिए नहीं, जीने के लिए काम में लाएं। हरमोहन कहते हैं, "अगर मैंने अपनी कार, घर और दुबई देखा है, तो आप भी देख सकते हैं, बस डटे रहिए, सीखते रहिए और लगातार मेहनत करते रहिए।" वह आगे कहते हैं, "गैलवे बिज़नेस ने मेरी जेब भरी ही नहीं, बल्कि मेरे विचारों को भी अमीर बना दिया।" उनकी मुस्कान, उनकी बातें और उनकी यात्रा यह संदेश देती हैं कि अगर सही संगत और सही दिशा मिले, तो हर इंसान अपनी कहानी का हीरो बन सकता है।

सपनों को सच करने की शुरुआत पहले कदम से होती है। अक्टूबर, 2025 माह में गैलवे बाइक बोनस से अपनी ड्रीम बाइक खरीदने का सपना सच करने वाले सभी अचीवर्स को गैलवे की तरफ से उज्ज्वल भविष्य की ढेरों शुभकामनाएं। उनके इस सपने को पूरा करने में उनकी अपलाइन व डाउनलाइन का भी भरपूर सहयोग रहा है, उन्हें भी बधाइयां व शुभकामनाएं।

गैलवे बाइक बोनस अचीवर्स

ARVIND SWAIN ■ RD ■ ODISHA
ROYAL ENFIELD CLASSIC 350

2 Lakh 70 Thousand

SUNIL KUMAR YADAV ■ RD ■ BIHAR
HONDA CB 350

2 LAKH 35 THOUSAND

KARUN NAYAK ■ RD ■ ODISHA
YAMAHA R1 5

2 Lakh 25 Thousand

VISHAL KUMAR ■ RD ■ UTTRAKHAND
BAJAJ PULSAR 150

1 LAKH 33 THOUSAND

सपनों को सच करने की शुरुआत पहले कदम से होती है। अक्टूबर, 2025 माह में गैलवे बाइक बोनस से अपनी ड्रीम बाइक खरीदने का सपना सच करने वाले सभी अचीवर्स को गैलवे की तरफ से उज्ज्वल भविष्य की ढेरों शुभकामनाएं। उनके इस सपने को पूरा करने में उनकी अपलाइन व डाउनलाइन का भी भरपूर सहयोग रहा है, उन्हें भी बधाइयां व शुभकामनाएं।

गैलवे बाइक बोनस अचीवर्स

RITESH KUMAR MAHTO ■ RD ■ JHARKHAND
HONDA CB 125

1 Lakh 20 Thousand

DIPTI NAG ■ RD ■ CHHATTISGARH
TC JUPITER 125

1 LAKH 16 THOUSAND

दिल्ली हेड ऑफिस में दीवाली का भव्य उत्सव रोशनी, खुशी और एकता का संगम

दिल्ली स्थित गैलवे हेड ऑफिस में इस साल दीवाली का पर्व बेहद धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। हर साल की तरह इस बार भी पूरा ऑफिस रंग-बिरंगे आर्टिफिशियल फ्लॉवर्स, रंगोली और आकर्षक लाइट्स से सजाया गया, जिससे पूरा माहौल त्योहार की खुशियों से झूम उठा। जैसे ही कर्मचारी ऑफिस पहुंचे, ऑफिस की सजावट ने एक अलग ही सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर दिया। हर किसी के चेहरे पर मुस्कान थी और माहौल में खुशियों की मिठास घुली हुई थी।

कार्यक्रम की शुरुआत गैलवे मैनेजमेंट द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद गिफ्ट डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। सभी कर्मचारियों को कंपनी की ओर से उपहार दिए गए, जो उनके योगदान और मेहनत के प्रति सम्मान का प्रतीक था। इस अवसर पर गैलवे के गैलवे मैनेजमेंट ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीवाली सिर्फ रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि यह हमें यह सिखाता है कि जीवन में सकारात्मक सोच, मेहनत और टीमवर्क से हर अंधकार को मिटाया जा सकता है।

पूरे दिन ऑफिस में डीजे पार्टी, म्यूज़िक और स्नैक्स का दौर चलता रहा। सभी कर्मचारियों ने मिलकर जमकर डांस किया, एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और इस त्योहार को यादगार बना दिया। हर कोने में हंसी, खुशी और अपनापन झलक रहा था। सभी ने मिलकर दीवाली के इस पावन पर्व को परिवार की तरह मनाया और यह अहसास हुआ कि गैलवे सिर्फ एक कंपनी नहीं, बल्कि एक परिवार है, जहां हर सदस्य की खुशी और सफलता समान रूप से मायने रखती है।

झारखंड

Chief Guest - Rajesh Kumar Paswan (Director, Education and Training)

देवघर

Regional Head
Nishant Nath Sah

Provisional
Zonal Head
Abhinav Kumar

Franchise Head
Bhairav Mahto
(Maa Dhan Laxmi Associate)

टीम की एकजुटता ही सफलता की सबसे बड़ी ताकत है -राजेश कुमार पासवान

झारखंड के देवघर की पवित्र भूमि पर ऑल देवघर लीडर्स मीट का आयोजन भव्य तरीके से संपन्न हुआ। यह मीटिंग गैलवे परिवार के लिए एक ऐतिहासिक क्षण साबित हुई, जहां सफलता, समर्पण और प्रेरणा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश कुमार पासवान (डायरेक्टर, एजुकेशन एवं ट्रेनिंग), मुंद्रिका गोप (रीजनल हेड एवं जीडीडी) एवं राजकुमार (जीडीडी) अपने प्रेरणादायक शब्दों से सभी गैलवे सदस्यों को नई दिशा और नई सोच प्रदान की। इस अवसर पर जीडीडी राजकुमार ने भी अपने ऊर्जावान संबोधन से सभी गैलवियंस को सफलता के नए आयाम छूने की प्रेरणा दी।

इस आयोजन में फ्रेंचाइज़ी हेड भैरव महतो अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे और मीटिंग को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सभी लीडर्स ने मिलकर गैलवे के मूल मंत्र "सीखो, बढ़ो और सफल बनो" को दोहराया और आने वाले समय में देवघर ज़ोन को नए मुकाम तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

देवघर

Chief Guest - Punit Pranaya (Regional Head)

अनुशासन और कड़ी मेहनत से ही मिलती है दीर्घकालिक सफलता

झारखंड के देवघर ज़ोन में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां धनलक्ष्मी एसोसिएट के सौजन्य से आयोजित भव्य मीटिंग में रीजनल हेड पुनीत प्रणय जी ने बिज़नेस सूत्र प्रदान किए। उनकी प्रेरणादायक बातों ने न केवल सभी उपस्थित गैलवियंस के भीतर जोश और ऊर्जा का संचार किया, बल्कि यह भी साबित किया कि सही मार्गदर्शन और सकारात्मक सोच से हर असंभव सपना भी संभव बनाया जा सकता है।

इस विशेष अवसर पर उपस्थित सभी लीडर्स और गैलवियंस ने यह संकल्प लिया कि गैलवे के माध्यम से आर्थिक स्वतंत्रता, सामाजिक सम्मान और उज्ज्वल भविष्य की ओर निरंतर कदम बढ़ाएंगे। मीटिंग ने यह संदेश दिया कि टीमवर्क, अनुशासन और कड़ी मेहनत से ही दीर्घकालिक सफलता और स्थिरता पाई जा सकती है।

झारखंड

देवघर

टीमवर्क से होती है सफलता की राह आसान

झारखंड के देवघर ज़ोन में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां धनलक्ष्मी एसोसिएट के सौजन्य से आयोजित ऑल आईआर मीटिंग में एलडीडी भैरव महतो ने सभी लीडर्स को यह प्रेरित किया कि वह एकजुट होकर बिज़नेस को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। इस मीटिंग में सभी मेंबर्स ने अपने अनुभव, सीख और रणनीतियों को साझा किया, जिससे टीम की ऊर्जा और उत्साह दोगुना हो गया। जब पूरी टीम एक साथ मिलकर काम करती है, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहता। मीटिंग के खत्म होने के बाद गैलवियंस ने एक फोटो क्लिक करवाकर, बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो और बुरा मत कहो का संदेश दिया।

देवघर

Chief Guest - Akhilesh Mahto (RD), Gyanmani Mahto (RD) and Chhotu Mahto (RD)

विश्वास और निरंतर प्रयास से कोई भी ऊंचाई हासिल की जा सकती है

झारखंड के देवघर जोन में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां धन लक्ष्मी एसोसिएट के सौजन्य से एक ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में एक ही मंच पर एक साथ तीन स्टार आरडी ने अपने जुनून, मेहनत और लगन हासिल की आरडी रैंक अचीवमेंट के सफरनामे को उपस्थित गैलवियंस के साथ साझा किया।

आरडी अखिलेश महतो, ज्ञानमनी महतो एवं छोटू महतो ने यह साबित कर दिया कि अगर सपनों को सच करने का जज्बा और लक्ष्य की ओर निरंतर मेहनत हो तो सफलता खुद रास्ता बनाती है।

इस मौके पर वीसी सदस्य राम कुमार, सुनील कुमार, दीपक गुप्ता और बृजेश कुमार जिन्होंने अपने समर्पण और टीमवर्क से इस सफलता की नींव मजबूत की।

झारखंड

Chief Guest - Sanmol Kumar (Star GDD) and Santosh Kumar Suman (GDD)

देवघर

बाबा धाम में गूंजा गैलवे का जोश और सफलता का मंत्र

देवघर बाबा धाम की पावन धरती पर एक शानदार ऑल आईआर मीटिंग का आयोजन किया गया, जहां वातावरण में सफलता का जोश दिखाई दिया। इस विशेष अवसर पर उपस्थित रहे गैलवे के ऊर्जावान और प्रेरणादायक लीडर्स स्टार जीडीडी सनमोल कुमार और संतोष सुमन, जिन्होंने अपने अमूल्य अनुभवों और मार्गदर्शन से सभी गैलवियंस को नई दिशा और प्रेरणा दी।

इस मीटिंग में गैलवे बिज़नेस के मूल सिद्धांतों, सफलता के रहस्यों और प्रमोशन हासिल करने के प्रभावी तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। सनमोल कुमार ने बताया कि गैलवे सिर्फ एक बिज़नेस नहीं, बल्कि सेल्फ डेवेलपमेंट, सम्मान और आत्मनिर्भरता की एक यात्रा है। उन्होंने यह भी समझाया कि निरंतर सीखते रहना और अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहना ही सफलता की असली पहचान है।

इस मीटिंग में मौजूद सभी गैलवियंस ने पूरे जोश और एनर्जी के साथ यह संकल्प लिया कि वे अपने सपनों को साकार करने के लिए मेहनत, लगन और विश्वास के साथ गैलवे को देवघर सहित पूरे झारखंड में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

देवघर

Chief Guest - Ramkumar (RD)

सही मार्गदर्शन और टीम भावना से सफलता कदम चूमती है

झारखंड के देवघर जोन में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां धन लक्ष्मी एसोसिएट के अंदर आयोजित इस शानदार मीटिंग ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब सही मार्गदर्शन और टीम स्पिरिट एक साथ होती है, तो सफलता अपने आप कदम चूमती है।

इस प्रेरणादायक सेशन के ट्रेनर रहे आरडी एवं वीसी सदस्य रामकुमार जिनके अनुभव और विचारों ने सभी साथियों में नई ऊर्जा का संचार किया।

मीटिंग में उपस्थित रहे आरडी सुनील कुमार, दीपक कुमार, अखिलेश महतो, ज्ञानमनी महतो, छोटू मुखिया समेत कई अन्य सहयोगी साथी, जिनके जोश और समर्पण ने माहौल को और भी ऊर्जावान बना दिया।

झारखंड

Chief Guest - Sanmol Kumar (Star GDD) and Santosh Kumar Suman (GDD)

देवघर

जो मेहनत को अपना धर्म बना लेता है, सफलता उसी को मिलती है

झारखंड के देवघर ज़ोन में एक शानदार और ऊर्जावान मीटिंग का आयोजन किया गया, जहां पूरे जोश और उत्साह के साथ सभी लीडर्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस प्रेरणादायक सत्र में स्टार जीडीडी सनमोल कुमार और जीडीडी संतोष कुमार सुमन के नेतृत्व में टीम को सफलता की नई दिशा दी गई।

इस अवसर पर फ्रेंचाइज़ी हेड भैरव महतो, आरडी उदय कुमार, रामकुमार कश्मीर, सुनील कुमार, अमित कुमार सहित कई ऊर्जावान लीडर्स मौजूद रहे जिन्होंने अपनी उपस्थिति और अनुभव से मीटिंग को और भी प्रभावशाली बनाया।

मीटिंग में सभी ने अपने विचार साझा किए और यह संदेश दिया कि "गैलवे सिर्फ एक बिज़नेस नहीं, बल्कि सपनों को हकीकत में बदलने का एक सुनहरा मंच है।" सभी लीडर्स ने टीमवर्क, अनुशासन और निरंतर प्रयास के महत्व पर जोर दिया।

देवघर

Chief Guest - Rajkumar (GDD)

सपनों को बड़ा बनाने की हिम्मत रखें

झारखंड के देवघर जोन में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां धन लक्ष्मी एसोसिएट के सौजन्य से गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

इस प्रोग्राम में जीडीडी राजकुमार जी ने सभी उपस्थित गैलवियंस के मन में नई ऊर्जा और जोश का संचार कर दिया।

इस मीटिंग में अनुभव और मार्गदर्शन का अद्भुत आदान-प्रदान हुआ। सभी गैलवियंस अपने कार्य और उपलब्धियों को साझा करते हुए न केवल खुद प्रेरित हुए, बल्कि दूसरों के लिए भी प्रोत्साहन का स्रोत बने। आज की यह मीटिंग यह साबित करती है कि सफलता केवल व्यक्तिगत प्रयास से नहीं, बल्कि टीम के सामूहिक समर्पण, दृढ़ निश्चय और मेहनत से संभव होती है।

झारखंड

देवघर

खुद पर विश्वास रखो और लगातार आगे बढ़ते रहो

झारखंड के देवघर में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां धनलक्ष्मी इंटरप्राइजेज के सौजन्य से आज एक प्रेरणादायक गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें फ्रेंचाइजी हेड भैरव महतो जी ने गैलवियंस को अपने अनुभव और विचारों से संबोधित किया।

इस कार्यक्रम में श्री भैरव महतो जी ने बताया कि सफलता मेहनत, लगन और सकारात्मक सोच से ही संभव है। उन्होंने सभी गैलवियंस को प्रेरित करते हुए कहा "अगर मंज़िल ऊँची है तो राह में आने वाली मुश्किलें ही हमें और मजबूत बनाती हैं। बस खुद पर विश्वास रखो और लगातार आगे बढ़ते रहो।"

कार्यक्रम के दौरान सभी साथियों में नई ऊर्जा, नया उत्साह और आगे बढ़ने का जुनून देखने को मिला। यह आयोजन न सिर्फ ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि गैलवे परिवार की एकजुटता और टीम स्पिरिट का शानदार उदाहरण भी बना।

हजारीबाग

Regional Head
Nishant Nath Sah

Provisional
Zonal Head
Mithilesh Kumar

Franchise Head
Mithilesh Kumar
(Success
Enterprises)

Chief Guest - Mithilesh Kumar (Star GDD) & Sanjeet Kumar Paswan (LDD)

सही मार्गदर्शन से होती है सफलता की राह आसान

झारखंड की पावन धरती हजारीबाग जोन में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी सक्सेस इंटरप्राइजेज में एक बेहद शानदार और प्रेरणादायी एजुकेशन डे का आयोजन हुआ।

इस अद्भुत सेशन को कंडक्ट किया प्रोविजनल जोनल हेड एवं स्टार जीडीडी मिथलेश कुमार तथा एलडीडी संजीत कुमार पासवान ने, जिन्होंने अपने अनुभव और ज्ञान से सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स को सफलता की नई राह दिखाई।

इस मौके पर गैलवे लीडर शंभु कुमार, वीसी सदस्य सोपान ओराव, भीमसेन, भागीरथी प्रधान, अनिता लाकरा, अमरजीत प्रधान, शिवू प्रधान, सोमा तिग्गा, अजय सुरीन उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने एक स्वर में यही संकल्प लिया कि सपनों को पूरा करने के लिए सही दिशा में मेहनत और निरंतर सीखना ही सफलता की असली कुंजी है।

झारखंड

Chief Guest - Anil Manjhi (LDD)

हजारीबाग

सफलता की ओर बढ़ने का लिया संकल्प

झारखंड की पावन धरती हजारीबाग ज़ोन में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी सक्सेस इंटरप्राइजेज में एक बेहद शानदार और यादगार मीटिंग का आयोजन हुआ।

इस मीटिंग में एलडीडी अनिल मांझी ने सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स को अपने अमूल्य ज्ञान और अनुभव से मार्गदर्शन देते हुए सफलता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बिज़नेस में निरंतरता, सकारात्मक सोच और टीमवर्क के महत्व को समझाते हुए हर किसी के अंदर नई ऊर्जा और जोश भर दिया।

इस मौके पर गैलवे लीडर्स शंभु कुमार, वीसी हेड सोपन ओराव, भीमसेन पुरती, भागीरथी प्रधान, अनीता लकड़ा, अमरजीत प्रधान, शिबू प्रधान, सोमा तिग्गा, अजय समेत कई लीडर्स की विशेष उपस्थिति ने इस मीटिंग को और भी प्रेरणादायी बना दिया।

हजारीबाग

Chief Guest - Nishant Nath Sah (Regional Head)

गैलवे में हर मेहनती गैलवियन की मेहनत रंग लाती है

झारखंड के हजारीबाग जोन में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी सक्सेस इंटरप्राइजेज में एक शानदार और ऊर्जावान मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में पूरे जोश और उमंग के साथ सभी टीम लीडर्स ने भाग लिया।

मीटिंग का संचालन रीजनल हेड निशांत नाथ साह के कुशल मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने अपने प्रेरणादायक शब्दों से टीम को नई दिशा और उत्साह दिया। निशांत जी ने बताया कि "सफलता उन्हीं को मिलती है जो अपने सपनों को साकार करने के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं और हार नहीं मानते।"

इस अवसर पर गैलवे लीडर्स शंभु कुमार, एलडीडी धान सिंह मुंडा, वीसी हेड सोपन ओराव, भीमसेन पुरती, भागीरथी प्रधान, अनिता लकड़ा, अमरजीत प्रधान, शिबू प्रधान, सोमा तिग्गा, अजय सुरीन एवं अन्य कई सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

इस दौरान सभी ने अपने अनुभव साझा किए और टीमवर्क, समर्पण व लक्ष्य प्राप्ति के महत्व पर चर्चा की। यह मीटिंग न केवल एक प्रशिक्षण सत्र थी बल्कि एक नई ऊर्जा और प्रेरणा से भरपूर मोटिवेशनल मोमेंट भी था जिसने सभी के अंदर नई उमंग जगा दी।

हजारीबाग

सपनों को सिर्फ देखो मत, उन्हें जीने की कोशिश करो -मिथलेश कुमार

झारखंड के हजारीबाग में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी सक्सेस इंटरप्राइजेज के सौजन्य से एक शानदार और ऊर्जावान मीटिंग का आयोजन किया गया, जहां प्रोविजनल जोनल हेड एवं स्टार जीडीडी मिथलेश कुमार ने अपने अनुभव और मार्गदर्शन से सभी साथियों को नई दिशा और प्रेरणा दी।

इस मीटिंग में गैलवे परिवार के सभी लीडर्स ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। श्री मिथिलेश सर ने बताया कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो अपने सपनों के प्रति समर्पित रहते हैं और हर दिन मेहनत को अपनी आदत बना लेते हैं।

उन्होंने सभी को टीमवर्क, पॉजिटिव सोच और निरंतर प्रयास का संदेश देते हुए कहा, "सपनों को सिर्फ देखो मत, उन्हें जीने की कोशिश करो, क्योंकि मेहनत ही वो चाबी है जो सफलता के हर दरवाजे को खोलती है।"

झारखंड

Chief Guest - Mithilesh Kumar (Star GDD) & Sanjeet Kumar Paswan (LDD)

सिल्ली

Regional Head
Nishant Nath Sah

Franchise Head
Bikram Kumar
(Star Winner Associate)

गैलवियंस में हुआ जोश एवं ऊर्जा का संचार

झारखंड की सिल्ली फ्रेंचाइजी स्टार विनर एसोसिएट के सौजन्य एक शानदार और प्रेरणादायक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें एलडीडी संजीत कुमार पासवान और स्टार जीडीडी मिथलेश कुमार ने अपनी उपस्थिति से माहौल को जोश और उत्साह से भर दिया।

दोनों लीडर्स ने अपने अनुभवों और गैलवे बिज़नेस की गहराइयों को साझा करते हुए बताया कि गैलवे की कमाई और बाहर की कमाई में क्या असली अंतर है, कैसे गैलवे न सिर्फ कमाई बल्कि सम्मान, पहचान और आत्मनिर्भरता का मार्ग दिखाता है।

इस अवसर पर सिल्ली फ्रेंचाइजी हेड सतीश कुमार और बिक्रम कुमार, साथ ही आरडी एवं वीसी सदस्य वरुण कुमार महापात्र, शंकर कुमार मुर्मू, तरुण कुमार शर्मा, अंसीत सहित समस्त लीडर अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे। सभी ने पूरे जोश और एनर्जी के साथ सीखने, समझने और अपने लक्ष्य की ओर और मजबूती से बढ़ने का संकल्प लिया।

सिल्ली

Chief Guest - Umesh Prasad Yadav (LDD)

सपनों को सच करने की शुरुआत मेहनत से होती है

झारखंड के सिल्ली जोन में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी में एक शानदार और प्रेरणादायक मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में गैलवे के सीनियर एवं प्रेरणादायक व्यक्तित्व एलडीडी उमेश प्रसाद यादव ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति, जोश और उत्साह से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उमेश जी ने अपने अनुभव साझा करते हुए नेटवर्क मार्केटिंग की गहराई, इसकी संभावनाओं और सफलता के मार्ग पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि "गैलवे सिर्फ एक बिज़नेस नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सफलता की ओर बढ़ने का एक सुनहरा अवसर है।"

इस मौके पर सिल्ली फ्रेंचाइज़ी हेड सतीश कुमार और बिक्रम कुमार की अगुवाई में कार्यक्रम का सफल संचालन हुआ। मीटिंग में आरडी वरुण कुमार महापात्र, शंकर कुमार मुर्मू, तरुण कुमार शर्मा, अंसीत जी जिन्होंने अपने अनुभव और जोश से मीटिंग को और भी प्रेरणादायक बना दिया। इस मौके पर पूरी टीम ने एक स्वर में संकल्प लिया कि आने वाले समय में सिल्ली ज़ोन गैलवे के इतिहास में अपनी विशेष पहचान बनाएगा। मीटिंग में मौजूद सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स ने पूरी एनर्जी और पॉज़िटिविटी के साथ नई सीखें हासिल कीं और सफलता की राह पर आगे बढ़ने का प्रण लिया।

झारखंड

सिल्ली

दीपावली के शुभ अवसर पर सिल्ली फ्रेंचाइजी ने की पूजा-अर्चना

सिल्ली फ्रेंचाइजी हेड सतीश कुमार और बिक्रम कुमार ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भगवान गणेश जी और माता लक्ष्मी जी की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस शुभ अवसर पर आरडी एवं वीसी हेड शंकर मुर्मू, इवेंट हेड वरुण कुमार महापात्र तथा आशीष जी सहित पूरी टीम ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

पूरे वातावरण में भक्ति, सकारात्मकता और ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। दीपों की इस रौशनी ने सभी के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी और नए उत्साह से भर दिया।

हम सब मिलकर यह संकल्प लेते हैं कि आने वाला वर्ष हमारी टीम, हमारे परिवार और हमारे संगठन के लिए सफलता, समृद्धि और खुशहाली लेकर आएगा।

मधुपुर

Regional Head
Nishant Nath Sah

Provisional Zonal Head
Arun Kumar Yadav

Franchise Head
Rakesh Kumar Rawat
(Maa Bhawani Traders)

गैलवियंस ने मधुपुर में भरी ऊर्जा की उड़ान

झारखंड के मधुपुर शहर में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां भवानी ट्रेडर्स में आज एक शानदार ऑल आईआर मीटअप का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे सोहेल खान, जिन्होंने अपनी ऊर्जावान उपस्थिति और प्रेरणादायक विचारों से सभी गैलवियंस के अंदर नए जोश और आत्मविश्वास का संचार किया।

सोहेल खान ने अपने शेयरिंग के माध्यम से बताया कि गैलवे बिज़नेस में सफलता पाने के लिए विश्वास, निरंतर प्रयास और सही दिशा का होना कितना ज़रूरी है। उन्होंने विभिन्न टॉपिक्स पर ट्रेनिंग देते हुए प्रमोशन अचीव करने और कंपनी के ऑफ़र्स को हासिल करने के प्रभावी तरीके बताए। साथ ही कंपनी की बढ़ती ग्रोथ और आने वाले सुनहरे अवसरों पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर एलडीडी एवं प्रोविजनल जोनल हेड अरुण कुमार यादव, वीसी सदस्य अमरजीत कुमार, बाबूलाल सिंह, बबिता मरांडी, तथा आरडी राजा कुमार, पंकज कुमार, पार्वती कुमारी, रौशन कुमार, रविलाल हेमाराम, महेश्वर किस्कू समेत कई गैलवे लीडर्स और गैलवियंस उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि वे अपने लक्ष्य को हासिल करने तक रुकेंगे नहीं और गैलवे को झारखंड में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

Chief Guest - Sohel Khan (Star GDD)

झारखंड

Chief Guest - Mr. Kush Kumar (Director, Sales & PR)

पुंदाग, रांची

Regional Head
Nishant Nath Sah

Franchise Head
Ram Awtar Kumar
(R K Enterprises)

हम मिलकर लिखेंगे सफलता की नई कहानी

दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को रांची में एक भव्य और प्रेरणादायक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें श्री कुश कुमार (सीनियर डायरेक्टर, सेल्स एवं पीआर) ने अपनी उपस्थिति से सभी को नई सोच और उत्साह से भर दिया। उन्होंने अपने अनुभवों से टीम को यह प्रेरणा दी कि सही दिशा, मजबूत लक्ष्य और निरंतर प्रयास ही सफलता की असली पहचान हैं।

इस मीटिंग में रीजनल हेड श्री निशांत नाथ साह ने पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ टीम को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही गैलवे लीडर्स उमेश यादव, दीपक और सोनू जी ने मिलकर उत्कृष्ट कार्य और एकजुटता का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया।

स्टार जीडीडी संतराज कुमार ने अपने ऊर्जावान शब्दों से सभी को नए लक्ष्यों की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। वहीं, फ्रेंचाइज़ी हेड रामावतार कुमार ने अपने सहयोग और नेतृत्व से इस मीटिंग को विशेष बना दिया।

इस मौके पर रांची कोर्ट जोन से मंगेश्वर सिंह, बोकारो जोन से शोभालाल जी और भरेचनगर से पिंटू कुमार की उपस्थिति ने टीम भावना को और भी मजबूत किया।

झारखंड

पुंदाग, रांची

जोश से मनाया गया प्रमोशन डे

सफलता उन लोगों को मिलती है जो सपनों को सिर्फ देखते नहीं, बल्कि उन्हें साकार करने की हिम्मत रखते हैं!

इसी जज़्बे और समर्पण को सम्मानित करने के लिए पुंदाग, रांची, झारखंड में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी द्वारा भव्य रूप से गैलवे प्रमोशन एवं अचीवमेंट डे का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में जीडीडी राजकुमार जी ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से सभी उपस्थित गैलवियंस का उत्साह बढ़ाया और मेहनत, लगन तथा निरंतर प्रयास से सफलता पाने वाले सभी अचीवर्स को उपहार देकर सम्मानित किया। यह कार्यक्रम सिर्फ एक समारोह नहीं, बल्कि उन सपनों और संघर्षों का उत्सव था जिन्हें हमारे गैलवे लीडर्स ने मेहनत के पसीने से सींचा है। यह मंच हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा बना जो अपने लक्ष्य को पाने के लिए पूरी निष्ठा से प्रयासरत है।

बिहार

Chief Guest - Mukesh Kumar (Star RD)

बेगुसराय

Regional Head
Punit Pranay

Zonal Head
Pinkesh
Kumar Yadav

Franchise Head
Sangam Kumari
(R S Traders)

सही मार्गदर्शन के साथ कुछ भी असंभव नहीं

बिहार के बेगूसराय ज़ोन में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी आर एस ट्रेडर्स के सौजन्य से आयोजित गैलवे की पावरफुल मीटिंग ने हर गैलवियन के दिल और दिमाग में नई ऊर्जा और जोश भर दिया। इस मीटिंग में स्टार आरडी मुकेश कुमार ने अपनी शानदार ऑल आईआर प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से बिज़नेस ग्रोथ और सफलता की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। उनके उत्साहवर्धक शब्दों और विज़न ने उपस्थित प्रत्येक साथी को यह विश्वास दिलाया कि गैलवे बिज़नेस में मेहनत, समर्पण और सही मार्गदर्शन के साथ कुछ भी असंभव नहीं है।

इस अवसर पर सभी एचीवर्स का सम्मान करते हुए वीसी रजनीश राज, दीपक कुमार, अरविंद कुमार, बृजेश कुमार, रविंद्र कुमार सहित सभी टॉप लीडर्स अविनाश, राहुल, माइकल, सुमित्रा कुमारी, कुसुम कुमारी, ममता कुमारी, बसंती कुमारी और अन्य साथियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी भव्य और यादगार बना दिया।

बिहार

Chief Guest - Sanmol Kumar (Star GDD)

बेगुसराय

मेहनत से पूरा करें सपनों को

राष्ट्रकवि दिनकर की पावन भूमि बेगुसराय, बिहार में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी आरएस ट्रेडर्स द्वारा आयोजित मीटिंग में स्टार जीडीडी सनमोल कुमार की भव्य और जबरदस्त मीटिंग ने सभी के दिलों में नई ऊर्जा और जोश भर दिया।

इस अवसर पर ऑल आईआर टीम के साथ-साथ वीसी हेड रजनीश राज, दीपक कुमार, अरविंद कुमार, रविंद्र कुमार, आरडी राहुल, अविनाश, तथा ममता, बसंती, कुसुम सहित सभी सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी विशेष बना दिया।

इस मीटिंग ने यह साबित कर दिया कि जब सपनों को जुनून से जोड़ा जाता है और टीम स्पिरिट को शक्ति बनाया जाता है, तो सफलता अपने आप कदम चूमने आती है। यह मीटिंग सिर्फ एक मीटिंग नहीं, बल्कि आने वाले समय में महान उपलब्धियों की नींव रखने वाला प्रेरणादायी क्षण रहा।

बेगुसराय

Chief Guest - Sanmol Kumar (Star GDD)

ज्ञान के साथ मिला सम्मान

गैलवे बिज़नेस के शानदार सफर में सफलता की नई कहानियां लगातार लिखी जा रही हैं। हाल ही में बिहार के बेगुसराय में आयोजित जोन मीटिंग में सभी टॉप लीडर्स ने मिलकर सेल्स और प्रमोशन को लेकर प्रेरणादायी विचार साझा किए। इस दौरान पिछले महीने ऑफर अचीव करने वाले अचीवर्स को सम्मानित किया गया और जोन में सबसे हाईएस्ट सेल व टारगेट अचीव करने की खुशी में आरडी दीपक और सुमित्रा कुमारी को गैलवे का फाइल फोल्डर भेंट किया गया। यह सम्मान स्टार जीडीडी सनमोल कुमार और वीसी रजनीश राज के द्वारा प्रदान किया गया।

यह पल न सिर्फ सम्मान का प्रतीक था बल्कि यह दर्शाता है कि निरंतर मेहनत और सही दिशा में काम करने से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। गैलवे परिवार के साथ जुड़कर अपने सपनों को साकार करने का यही असली रास्ता है।

बिहार

बेगुसराय

बेगुसराय जोन में आयोजित हुई शानदार मीटिंग

बिहार के बेगुसराय जोन में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी आरएस ट्रेडर्स में आरडी एवं वीसी सदस्य रजनीश राज के नेतृत्व में एक शानदार और जोशीली मीटिंग का आयोजन हुआ। इस मीटिंग में रिजेक्शन और प्रमोशन जैसे बेहद महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा हुई, जिसने सभी गैलवियंस के अंदर नई ऊर्जा और जोश का संचार कर दिया।

मीटिंग में उपस्थित सभी गैलवियंस ने पूरे उत्साह और टीम भावना के साथ भाग लिया। वीसी दीपक कुमार, अरविंद कुमार, रविंद्र कुमार, आरडी राहुल, और नारीशक्ति बसंती, ममता, सुमित्रा, कुसुम कुमारी, साथ ही अविनाश समेत सभी सम्मानित गैनवियंस की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया।

गया

Regional Head
Punit Pranay

Zonal Head
Suresh Kumar Paswan

Franchise Head
Sunil Kumar
(M/S Hindustan Traders)

मोटिवेशन और ज्ञान की गंगा बही गया जोन में

Chief Guest - Anup Pandit (LDD)

बिहार के गया जोन में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी हिंदुस्तान ट्रेडर्स के सौजन्य से फ्रेंचाइजी के ड्रीम सेंटर में एक शानदार और धमाकेदार मीटिंग का आयोजन हुआ। इस मीटिंग में उपस्थित सभी लीडर्स ने ज्ञान, अनुभव और उत्साह से वातावरण को ऊर्जावान बना दिया।

विशेष रूप से एलडीडी अनूप पंडित ने रिजेक्शन को अवसर में बदलने का मंत्र, मोटिवेशन की शक्ति और सफलता के मूल सूत्र साझा करते हुए सभी लीडर्स को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान किया।

इस मौके पर उपस्थित हिंदुस्तान ट्रेडर्स के फ्रेंचाइजी हेड सुनील कुमार यादव, वीसी हीरालाल, शिवनंदन, चंदन, दिवाकर समेत कई आरडी लीडर्स ने भी अपनी उपस्थिति से इस मीटिंग को यादगार बना दिया।

बिहार

गया

Chief Guest - Raja (RD) and Laxman (RD)

गैलवियंस ने लिया सफलता प्राप्त करने का संकल्प

बिहार के गया जोन में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी हिंदुस्तान ट्रेडर्स के सौजन्य से गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में आरडी राजा एवं आरडी लक्ष्मण ने अपनी जबरदस्त ट्रेनिंग के जरिए गैलवियंस में जोश एवं एनर्जी का संचार किया।

इस मौके पर उपस्थित गैलवियंस ने बहुत ही उत्साहपूर्वक दोनों लीडर्स की ट्रेनिंग का अटैंड किया एवं सफलता प्राप्त करने का संकल्प लिया। इस दौरान फ्रेंचाइजी हेड सुनील महतो, वीसी सदस्य हीरालाल, शिवनंदन, चंदन, दिवाकर समेत कई गैलवे लीडर्स एवं गैलवियंस मौजूद रहे।

नवादा

Regional Head
Punit Pranay

Zonal Head
Suresh Kumar Paswan

Franchise Head
Rajesh Kumar (Buddha Enterprises)

Chief Guest - Suresh Kumar Paswan (Zonal Head)

ऑफर्स पर विशेष ध्यान दें

बिहार के नवादा जोन में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मेसर्स बुद्धा इंटरप्राइजेज के सौजन्य से आयोजित गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम में जोनल हेड सुरेश कुमार पासवान ने गैलवियंस को कई महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित ट्रेनिंग प्रदान की। इस मौके पर जोन के सभी गैलवे लीडर्स एवं गैलवियंस ने जोनल हेड सुरेश कुमार पासवान का जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान सुरेश कुमार पासवान ने गैलवियंस को रिजेक्शन से न घबराने एवं अपना पूरा ध्यान अपने बिज़नेस एवं मंथली ऑफर्स पर देने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर फ्रेंचाइजी हेड राजेश कुमार, एलडीडी रामप्रवेश, पप्पू जी, वीसी सदस्य संतोष कुमार, शिवा जी, रोशन कुमार, अन्नू, मनोज, अमिताभ समेत कई गैलवे लीडर्स एवं गैलवियंस मौजूद रहे।

बिहार

Chief Guest - Upendra Kumar (Zonal Head)

मोहनिया

Regional Head
Punit Pranay

Zonal Head
Upendra Kumar

Franchise Head
Santosh Kumar Singh
(Lucky Traders)

मोहनिया में मनाया गया प्रमोशन डे प्रोग्राम

बिहार के मोहनिया जोन में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी लकी ट्रेडर्स के सौजन्य से गैलवे प्रमोशन एवं अचीवमेंट डे का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में फ्रेंचाइजी द्वारा उन अचीवर्स को सम्मानित किया गया जिन्होंने सितंबर माह में रैंक प्रमोशन एवं ऑफर्स अचीव कर अपने सपनों को पूरा करने की शुरुआत की थी।

इस मौके पर जोनल हेड उपेंद्र कुमार की उपस्थिति ने गैलवियंस में जोश एवं जुनून का संचार किया। कार्यक्रम में फ्रेंचाइजी हेड समेत कई गैलवे लीडर्स एवं गैलवियंस मौजूद रहे।

सासाराम (रोहतास)

Regional Head
Punit Pranay

Franchise Head
Dhanjay Kumar
(M/s Sevak Traders)

टीम स्पिरिट और सफलता की रोशनी में सजी दीपावली मीटिंग

दीपों की रौशनी और खुशियों की मिठास से सजे इस शानदार अवसर पर, सेवक ट्रेडर्स, सासाराम (बिहार) में गैलवे डिस्ट्रीब्यूटर और फ्रेंचाइजी हेड ने सभी एलडीडी एवं आरडी गैलवियंस को मिठाई भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने सफलता के नए सूत्र साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार बेहतर प्रदर्शन से अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है।

इस प्रेरणादायक मीटिंग और उत्सव में उपस्थित रहे एलडीडी संतोष भारती, प्रमोद, बलिराम, अनिल कुमार, पिंटू जी, अमिताभ जी तथा अनुप पंडित जी। सभी साथियों ने एकजुट होकर टीम भावना, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ सफलता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

बिहार

Chief Guest - Kush Kumar (Senior Director, Sales and PR)

पटना

जुनून हो तो चुनौती भी अवसर बन जाती है -कुश कुमार

बिहार की राजधानी पटना के पी एंड एम मॉल में स्थित होटल क्लार्क इन में आयोजित हुआ एक भव्य लीडर्स मीटिंग सेशन, जिसमें पूरे जोश और उमंग के साथ सभी ईडी, एसडी एवं आरडी लीडर्स ने भाग लिया। इस मीटिंग में श्री कुश कुमार (सीनियर डायरेक्टर, सेल्स एवं पीआर), श्री जनार्दन प्रसाद गुप्ता (डायरेक्टर, पीआर एवं डिस्पिलिन), श्री राजेश कुमार पासवान (डायरेक्टर, एजुकेशन एवं ट्रेनिंग), श्री मुंद्रिका गोप (रीजनल हेड एवं जीडीडी), श्री पिंकेश कुमार यादव (रीजनल हेड), श्री संतोष कुमार सुमन (जीडीडी), श्री सनमोल कुमार (स्टार जीडीडी) और तोहिद खान जैसे ऊर्जावान और प्रेरणादायक लीडर्स की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया।

यह मीटअप सिर्फ एक ट्रेनिंग कार्यक्रम नहीं थी, बल्कि यह एक ऐसा मंच था जहां सपनों को हकीकत में बदलने की रणनीति, सफलता की दिशा और टीम भावना की ताकत पर खुलकर चर्चा हुई। हर सीनियर लीडर्स के शब्दों ने उपस्थित सभी लीडर्स के अंदर नई सोच, नई ऊर्जा और आगे बढ़ने की प्रबल प्रेरणा भर दी।

बिहार

समस्तीपुर

Regional Head
Punit Pranay

Zonal Head
Sanmol Kumar

Franchise Head
Guddu Kumar
(G B Associate)

शुभ मंगलकामनाओं के साथ मनाया गया दीपोत्सव

समस्तीपुर फ्रेंचाइज़ी में हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ भगवान गणेश जी एवं माता लक्ष्मी जी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस शुभ अवसर पर पूरे टीम ने मिलकर दीप जलाए गए, मिठाइयां बांटीं और एकता, सहयोग व समृद्धि का संदेश दिया।

पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा और दिव्यता का माहौल छा गया। दीपों की रोशनी ने सभी के चेहरों पर नई उम्मीद और उजाले का संचार किया। यह केवल एक पर्व नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत का प्रतीक है सफलता, विश्वास और टीम भावना की।

हम सभी मिलकर यह संकल्प लेते हैं कि आने वाला वर्ष हमारी टीम के लिए नई ऊंचाइयां, अपार सफलता और समृद्धि लेकर आए।

उत्तर प्रदेश

Chief Guest - Sanju (RD), Kavita (RD) and Archana (RD)

अकबरपुर

Provisional
Zonal Head
Md. Fahim Anwar

Franchise Head
Hemant Kumar
(Royal Associate)

सही मार्गदर्शन और टीमवर्क से सपने बनें हकीकत

उत्तर प्रदेश के अकबरपुर जोन में स्थित गैलवे फ्रेंचाइज़ी रॉयल एसोसिएट के सौजन्य से एक यादगार और शानदार मीटिंग का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन ऊर्जावान लीडर्स आरडी संजू, कविता एवं अर्चना द्वारा किया गया। इस खास मौके पर सभी गैलवियंस ने मिलकर यह साबित किया कि टीमवर्क और सही मार्गदर्शन के साथ हर सपना हकीकत में बदला जा सकता है। स्वागत के लिए फ्रेंचाइज़ी हेड हेमंत कुमार एवं हरीशंकर जी उपस्थित रहे।

वहीं अपने अनुभव और प्रेरणादायी विचारों से सभी का मार्गदर्शन करने वाले महान लीडर्स आरडी पवन कुमसा, शिवा शर्मा, अजय मौर्य सर, तथा अन्य ऊर्जावान लीडर्स सोनू कश्यप, आकाश, आशीष यादव, शानू शर्मा, गोविंद, फुरकान, अमीता एवं अनीता की विशेष उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी भव्य बना दिया। कार्यक्रम के दौरान हर एक गैलवियन ने नई ऊर्जा, नए विज़न और नई सोच के साथ अपने सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

उत्तर प्रदेश

Chief Guest - Ajay Maurya (RD)

अकबरपुर

टीम जुनून, विश्वास और मजबूत विज़न के साथ आगे बढ़ती है

अकबरपुर कानपुर देहात में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी रॉयल एसोसिएट के सौजन्य से आयोजित भव्य मीटिंग ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि गैलवे बिज़नेस सिर्फ एक अवसर नहीं, बल्कि जीवन को बदलने वाला सुनहरा मार्ग है।

इस मीटिंग का सफल संचालन आरडी एवं वीसी सदस्य अजय मौर्या द्वारा किया गया। स्वागत करने वाले फ्रेंचाइज़ी हेड हेमंत कुमार और हरीशंकर सहित सभी उपस्थित महानुभावों ने इस आयोजन की शोभा को और बढ़ाया। इस अवसर पर आरडी एवं वीसी सदस्य पवन जी, शिवा शर्मा, आरडी सोनू कश्यप, आरडी आकाश, आरडी आशीष यादव, शानू शर्मा, गोविंद, फुरकान, अनीता व अमीता सहित सभी लीडर्स की विशेष उपस्थिति ने पूरे आयोजन को ऊर्जा और जोश से भर दिया।

यह आयोजन सिर्फ एक मीटिंग नहीं था, बल्कि एक ऐसा प्रेरणादायी क्षण था जिसने यह दिखाया कि जब एक टीम जुनून, विश्वास और मजबूत विज़न के साथ आगे बढ़ती है, तो सफलता केवल एक सपना नहीं रहती, बल्कि हकीकत बन जाती है।

अकबरपुर

सपनों को पूरा करने के लिए सही दिशा में मेहनत है जरूरी

उत्तर प्रदेश के अकबरपुर जोन में स्थित गैलवे फ्रेंचाइज़ी रॉयल एसोसिएट के सौजन्य से आयोजित शानदार मीटिंग में, फ्रेंचाइज़ी हेड हेमंत कुमार के नेतृत्व में एक ऐतिहासिक पल बना।

इस मीटिंग में सभी लीडर्स और फ्रेंचाइज़ी परिवार ने मिलकर टीमवर्क और सफलता के नए आयाम लिखे।

कार्यक्रम के दौरान हर लीडर ने अपनी-अपनी सफलता की कहानियां साझा करते हुए यह साबित किया कि अगर सपनों को हकीकत में बदलना है, तो सही दिशा में मेहनत और मजबूत नेटवर्किंग ही सफलता का रास्ता है।

